पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

आई0ए0एस0 वीक पर राज्यपाल की ओर 19 मार्च को रात्रिभोज

लखनऊ 1 मार्च, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने 17 से 20 मार्च के मध्य आयोजित होने वाले आई0ए0एस0 सर्विस वीक में 19 मार्च को उत्तर प्रदेश आई0ए0एस0 एसोसिएशन के सदस्यों को रात्रि भोज पर राजभवन आमंत्रित किया है। रात्रिभोज के बाद आई0ए0एस0 एसोसिएशन द्वारा राजभवन के गांधी सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे।

आज राजभवन में मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन, आई0एस0एस0 एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राकेश बहादुर तथा सचिव श्री भुवनेश कुमार ने राज्यपाल से भेंट करके एसोसिएशन की ओर से 20 मार्च को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले 'ऐट होम' में उन्हें आमंत्रित भी किया।

ज्ञातव्य है कि सर्विस वीक के दौरान 18 मार्च को मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव की ओर से मध्याह्न भोजन रखा गया है तथा आई0ए0एस0 एसोसिएशन द्वारा 18 मार्च को रात्रिभोज का आयोजन किया गया है।

अंजुम/ललित/राजभवन(79/1)